कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 17/10/2024

// प्रेस विज्ञप्ति//

गर्ल्स कॉलेज में रक्तदान–महादान कार्यक्रम का आयोजन

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के यूथ रेडक्रॉस सोसायटी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय दुर्ग में किया गया जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं एवं प्राध्यापकों ने रक्तदान किया।

इस अवसर पर जिलाधीश महोदया सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने स्वयं रक्तदान कर छात्राओं को प्रोत्साहित किया। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है इससे किसी प्रकार की शारिरिक हानि नहीं होती बल्कि इससे कई चिकित्सीय लाभ मिलते हैं। हमेशा पौष्टिक आहार लेने से शरीर में रक्त का स्तर अच्छा रहता है।

इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी. सी. अग्रवाल ने कहा कि रक्तदान से हिमोग्लोबिन नियंत्रित रहता है, व्यक्ति दिल के दौरे और हृदय संबंधी दुर्घटनाओं के जोखिम से बचा रहता है।

यूथ रेड क्रॉस की संयोजक डॉ. रेशमा लाकेश ने कहा कि रक्तदान के संबंध में लोगों में अनेक भ्रांतियाँ होती है किन्तु रक्तदान से शरीर की ताजा रक्त कोशिकाओं के उत्पादन की क्षमता को बढ़ाता है। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने कहा कि स्वस्थ लोगों द्वारा किये गये रक्तदान का उपयोग जरूरतमंद लोगों को रक्त चढ़ाने के लिए किया जाता है। जनसंख्या में बढ़ती जा रही बीमारियों आदि से खून चढ़ाने की जरूरत में कई गुणा वृद्धि हुई है। अतः जीवनदायी रक्त को एकत्रित करने का एकमात्र उपाय रक्तदान है।

अतिथि प्राध्यापक डॉ. आरती सिंह राठौर तथा कु. वर्षा खुटेल, कु. याशी, कु. मोनिका साहू आदि छात्राओं ने रक्तदान किया। श्री विमल यादव का विशेष योगदान रहा।

टीप- समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित ।

डॉ. डी.सी. अग्रवाल
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)